Mob- 9473942685
E-mail- ce3rdmdivjnp@gmail.com

# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर

पत्रांक 1395/ दै०समाचार पत्र / 30 दिनांकः 31/08/2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
जौनपुर।

विषयः समाचार पत्र दैनिक भाष्कर में प्रकाशित समाचार "भदेवरा में जल जीवन मिशन की टंकी अधूरी–ठेकेदार ने काम छोड़ा, सरिया जंग खा रहा," ग्रामीण आक्रोशित की आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर में प्रकाशित समाचार "भदेवरा में जल जीवन मिशन की टंकी अधूरी–ठेकेदार ने काम छोड़ा, सरिया जंग खा रहा," के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि समाचार पत्र में संदर्भित विकास खण्ड– मुफ्तीगंज की भदेवरा पेयजल योजना निर्माण हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा चयनित फर्म मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) को आवंटित है। योजना हेतु प्रस्तावित नलकूप निर्माण, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण है, प्रस्तावित पाइप लाइन 33.97 कि0मी0 के सापेक्ष 33.00 कि0मी0 पाइप लाइन, प्रस्तावित 835 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 441 नग गृह संयोजन तथा शिरोपरि जलाशय का कार्य 55 प्रतिशत (फुल स्टेजिंग) तक पूर्ण है, शेष कार्य प्रगति पर है। व्यापक कार्यान्यवन एवं सुधार नियोजन (CIRP) के अनुसार योजना के निर्माण सम्बन्धित अवशेष कार्यों को पूर्ण कर हर घर जल प्रमाणित कराते हुए संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित किये जाने का लक्षित समय जनवरी 2027 है।

भवदीय

(ऋषिकेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांकः

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जौनपुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0।
4. प्रोजेक्ट मैनेजर वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0), जौनपुर।

अधिशासी अभियन्ता